तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 5 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा



4 प्रबंधन की वादाखिलाफी के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का फूटा गुस्सा





(कोरबा) प्रवेश प्रारंभ (कटघोरा)

प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.

न्यू महाराणा I.T.I.

ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक

योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)

स्थान सीमित

नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।

पता: प्राचार्य: लालूराम कलोनी (पवन भोग आटा चक्की के पीछे) कोरबा

मो. 9203903521, 9425556340, 9203914561

पता: प्राचार्य: निहारिका टॉकीज कम्पाउंड, गोपाल पेट्रोल पंप के सामने कटघोरा

मो. 9203914562, 9691946265, 9203914561


# शिविर में मौके पर ही हुआ 238 ग्रामीणों की शिकायतों का निराकरण

## पाली के ग्राम मुड़ापार में लगा था जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत मुड़ापार में आयोजित शिविर में प्राप्त आवेदनों में अधिकारियों ने ग्रामीणों द्वारा प्राप्त आवेदनों में से 238 का मौके पर ही निराकरण कर उन्हें राहत पहुंचायी। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आमजनो की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुड़ापार में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा शोभा जगत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी एवं विभागीय योजनाओं से लाभ प्रदान किया गया। जिसमें जनपद पंचायत पाली अंतर्गत एक हितग्राहियों को राशन कार्ड, एक हितग्राही को पेंशन स्वीकृति आदेश, 3 दिव्यांग हितग्राही को श्रवण यंत्र एवं 1 हितग्राही को वाकिंग स्टीक प्रदान किया गया। साथ ही नन्हें शिशुओं को अन्नप्राशन भी कराया गया। शिविर में विभिन्न विभाग अंतर्गत मांग व शिकायत से सम्बंधित कुल 1065 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 238 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शेष आवेदनो का परीक्षण कर शीघ्रता से निराकरण किया जाएगा। इस शिविर में क्लस्टर अंतर्गत शामिल सभी ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक प्रेमचंद ने कहा कि सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने तथा ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

**खास बातें**

- शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी रहे मौजूद
- विधायक प्रेमचंद पटेल ने दिए पेंशन स्वीकृति आदेश



## खबर संक्षेप

### सुखरीकला, तानाखार, चिर्रा व खैरभवना में शिविर आज

**कोरबा।** सुशासन तिहार 2026 के तहत ग्रामीणों के समस्याओं, मांग एवं शिकायतों के निराकरण और उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने व लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से 5 जून को प्रातः 10 बजे से विकासखंड करतला के कलस्टर ग्राम सुखरीकला, पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम तानाखार, कोरबा के ग्राम चिर्रा और कटघोरा विकासखंड के ग्राम खैरभवना में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जायेगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विभागीय अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। साथ ही ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आज

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के कार्यों की विभागीय मासिक समीक्षा बैठक 5 जून को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आहुत की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (शहरी) अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के 2 रिक्त पदों के लिए 5 से 19 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन करने हेतु नवीन पोर्टल में पंजीयन कर आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र पर पद एवं केन्द्र के नाम का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। वार्डवार सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा(शहरी) से प्राप्त की जा सकती है। इस पद हेतु आवेदिकाओं को उसी वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है। आवेदिकाओं की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीण होना चाहिए। इच्छुक आवेदिकाएं ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात आवेदन के प्रिंट आउट सहित आवश्यक दस्तावेजों को संर्लन कर निर्धारित समय सीमा में अपना आवेदन सीधे अथवा साधारण/पंजीकृत डाक से कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (शहरी) में प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक कार्यालयीन दिवसों में जमा कर सकते हैं।

### सायकल रैली का आयोजन 7 को

**कोरबा।** संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण रायपुर के निर्देशानुसार विश्व सायकल दिवस के उपलक्ष्य में 7 जून को सायकल रैली का आयोजन कोरबा जिला के एस.ई.सी.एल व्हॉलीबॉल मैदान से प्रातः 7 बजे प्रारंभ होकर घण्टाघर चौक से पुनः वापस एस.ई.सी.एल व्हॉलीबॉल मैदान में समापन किया जायेगा। उक्त सायकल रैली में अधिक से अधिक संख्या में जिला के जनप्रतिनिधि, सभी प्रबुद्धजन, स्कूल, कालेज के छात्र, छात्राएं, स्थानीय खिलाड़ी, एन.सी.सी. कैडेटस, एन.एस.एस. समस्त खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी, स्काउट गाईड, नेहरु युवा केन्द्र के सदस्य, गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन में फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता एवं नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करना है।

## वित्तीय वर्ष 2026-27 में 131 मिलियन टन क्षमता वाले 13 एफएमसी को पूरा करने का लक्ष्य

# खदान से सीधे रेल रैक तक पहुंचेगा कोयला, एफएमसी पर बढ़ा फोकस



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश में कोयला परिवहन व्यवस्था में बड़ा बदलाव आने वाला है। इसके तहत खदानों से निकलने वाला कोयला ट्रकों के बजाय कन्वेयर बेल्ट, साइलो आदि के माध्यम से सीधे रेलवे वैगनों तक पहुंचेगा। इसके लिए कोल इंडिया ने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं पर फोकस बढ़ा दिया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 131 मिलियन टन वार्षिक क्षमता वाली 13 एफएमसी परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि बीते 24 मई को नई दिल्ली में एफएमसी परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने लंबित परियोजनाओं के काम तेज करने के निर्देश दिये है। फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी यानी खदान से निकलने वाले कोयले को पहले चरण में ही यांत्रिक व्यवस्था से रेलवे नेटवर्क तक पहुंचाने की प्रणाली। इसमें कन्वेयर बेल्ट, क्रशर, साइलो और रेलवे लोडिंग सिस्टम विकसित किये जाते हैं। वर्तमान में कई क्षेत्रों में कोयला ट्रकों से रेलवे साइडिंग तक पहुंचाया जाता है। इससे सड़कों पर दबाव बढ़ता है और प्रदूषण की समस्या होती है। एफएमसी प्रणाली इन समस्याओं को काफी हद तक समाप्त कर देगी। जिले में संचालित कोयला खदानों में कई एफएमसी परियोजनाएं प्रस्तावित है। विशेषज्ञों के अनुसार एफएमसी नेटवर्क विकसित होने से कोयला उत्पादन बढ़ाने में भी मदद मिलेगी क्योंकि खदानों से कोयले को तेजी से बाहर भेजा जा सकेगा।

**क्या होंगे फायदे**

सड़क पर ट्रकों की संख्या घटेगी, धूल और प्रदूषण कम होगा, कोयला तेजी से रेलवे तक पहुंचेगा, परिवहन लागत में कमी आएगी, खदानों में कोयले का जमाव कम होगा, उत्पादन और आपूर्ति क्षमता बढ़ेगी, पर्यावरणीय मानकों का बेहतर पालन होगा।

**आठ परियोजनाओं में हुई है देरी**

कोल इंडिया की समीक्षा में सामने आया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित आठ परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो सकीं। कुछ परियोजनाओं में रेलवे कनेक्टिविटी नहीं मिल सकी जबकि कई जगह ठेकेदारों के खराब प्रदर्शन, भूमि संबंधी समस्याओं और साइट हैंडओवर में देरी के कारण काम प्रभावित हुआ। कंपनी ने अब ड्रोन मॉनिटरिंग, मासिक समीक्षा बैठक और विशेष निगरानी तंत्र लागू किया है ताकि परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जा सके।

# खाई में मिली युवक की लाश हत्या फिर हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 17 साल का युवक चार दिनों पूर्व मोटरसाइकिल लेकर अपने घर से निकला था। जिसकी खोज की जा रही थी।

**खास बातें**


- लेमरू थाना क्षेत्र के टाइगर पाईंट पर शव के साथ मोटरसाइकिल हुई बरामद
- तहकीकात में जुटी पुलिस, एक जून को निकला था घर से, कई दिनों से हो रही थी तलाश

इस बीच उसकी लाश टाइगर पॉइंट पर खाई में युवक की लाश और उसकी मोटरसाइकिल मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि युवक की मौत हादसा है या फिर कुछ और।

जानकारी के अनुसार मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुभाष ब्लॉक निवासी नवनीत सिंह पिता कामेन्द्र सिंह 17 वर्ष 1 जून को अपने घर से मोटरसाइकिल लेकर निकला था। जो देर रात तक घर नहीं लौटा था। बताया जाता है कि टाइगर पॉइंट की ओर घूमने गए कुछ लोगों की नजर जब पहाड़ी से नीचे पड़ी तो उन्होंने तत्काल पास में जाकर देखा तो एक युवक मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। इसकी सूचना तत्काल पुलिस के आला अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद बालको पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच की है। प्रथम दृष्ट्या मामला सड़क दुर्घटना का बताया जा रहा है। नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस ने मामले में फिलहाल मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# दो दुकानों के छप्पर तोड़कर घुसे चोर, सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वह दुकान जिसका छप्पर हटाकर की गई चोरी।

जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर शॉपिंग सेंटर के दो दुकानों में बीती रात छप्पर तोड़कर चोरी करने की घटना सामने आई है। जहां पुलिस ने दोनों ही मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

चोरी की पहली घटना शॉपिंग सेंटर के बिजली दुकान में हुई, जहां चोर दुकान के छत की सीट को हटाकर नीचे उतर गए और दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का कनेक्शन काट दिया। हालांकि दुकान संचालक की सूझबूझ की वजह से चोरों के हाथ डीवीआर नहीं लगा। जिसकी वजह से चोरों के दुकान में घुसने और सीसीटीवी कैमरे के वायर काटने की घटना कैद हो गई। दुकान संचालक मनोज सिंह ने घटना की सूचना कुसमुंडा पुलिस को दी गई। वहीं दूसरी ओर शॉपिंग सेंटर के सामने बने सौरभ अग्रवाल के डेयरी की दुकान में चोरी हुई है। घटना की जानकारी संचालक को दुकान खोलने पर हुई। इस घटना में भी चोरों ने दुकान की छत पर लगी सीट हटाकर अंदर प्रवेश किए थे। चोरों ने उसके गल्ले से 7 से 8 हजार की नगदी की चोरी की है। दुकान संचालक जब दुकान खोलने पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की संख्या दो दिखाई पड़ रही है। इस मामले में भी पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर 4 प्रतिष्ठानों पर अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम एवं पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा पुराने कोरबा शहर इतवारी बाजार में विभिन्न दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया तथा वहां पर स्थित 4 प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग व भण्डारण करते हुये पाये जाने पर इन दुकानदारों पर 13 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया, साथ ही निगम अमले द्वारा उन्हें कड़ी हिदायत दी गई कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्रियों का उपयोग न करें, अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**खास बात**

- निगम एवं पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही



कार्रवाई करती निगम की टीम।

शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्री के उपयोग को रोकने के लिए आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, निगम के संबंधित अधिकारी कर्मचारी दुकानों, प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं तथा निरीक्षण के दौरान यदि प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल आदि का उपयोग विक्रय, भंडारण आदि पाया जाता है तो संबंधित दुकान संचालकों पर अर्थदण्ड आरोपित करने व प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री की जप्ती की कार्यवाही की जाती है। इसी कड़ी में पुराने शहर के इतवारी बाजार में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डा.संजय तिवारी ने निगम अमले व पर्यावरण संरक्षण मण्डल के अधिकारियों के साथ पहुंचकर वहां की दुकानों व प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान वहां पर स्थित प्रतिष्ठान गौरव ट्रेडर्स, कोरबा डिस्पोजल, सागर ट्रेडर्स एवं शुभम प्लास्टिक आदि दुकानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक से निर्मित कैरीबैग, डिस्पोजल व अन्य प्लास्टिक सामग्री का उपयोग व भण्डारण करते हुये पाया गया। निगम अमले द्वारा इन सामग्रियों की जप्ती करते हुये उक्त प्रतिष्ठानों पर 13 हजार रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया गया तथा उन्हें कड़ी हिदायत दी गई कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक से बनी सामग्रियों यथा कैरीबैग, डिस्पोजल व अन्य सामग्रियों का उपयोग, विक्रय व भण्डारण कदापि न करें, इनके स्थान पर वैकल्पिक सामग्रियों का उपयोग में लायें, अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डा .संजय तिवारी के साथ-साथ पर्यावरण अधिकारी रोहित सिंह, सचीन्द्र थवाईत, शैलेन्द्र नामदेव,

## कुसमुण्डा खदान के 29 नंबर कोयला स्टॉक यार्ड का मामला

# एसईसीएल कुसमुंडा खदान के कोल स्टॉक में लगी आग, उठानी पड़ी आर्थिक क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र की 29 नंबर कोयला स्टॉक यार्ड में गुरुवार को भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि कोयले के विशाल ढेर से उठती लपटें और काले धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देता रहा। घटना से लाखों टन कोयले के नुकसान और करोड़ों रुपये के राजस्व प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

एसईसीएल प्रबंधन द्वारा मानसून से पहले बड़े पैमाने पर कोयले का भंडारण किया जा रहा था। इसी क्रम में 29 नंबर स्टॉक यार्ड में लाखों टन कोयला डंप किया। शुरुआती तौर पर भीषण गर्मी और कोयले में मौजूद मीथेन गैस को आग लगने का संभावित कारण माना जा रहा है। खदान क्षेत्र में तापमान लगातार


⏭ शेष पेज 2 पर




कोल स्टाक जहां लगी आग।

**उत्पादन और डिस्पैच पर पड़ सकता है असर**

आग की चपेट में आने से कोयले का बड़ा स्टॉक जल कर नष्ट हो गया है। मानसून से पहले तैयार किया गया यह स्टॉक उत्पादन और आपूर्ति व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण था। ऐसे में आग से कोयला डिस्पैच और उत्पादन गतिविधियों पर भी असर पड़ने की संभावना है। लगातार सामने आ रही आग की घटनाओं ने एसईसीएल की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में कोल स्टॉक की नियमित मॉनिटरिंग, तापमान नियंत्रण और पानी के छिड़काव जैसे सुरक्षा उपाय पर्याप्त रूप से नहीं किए जा रहे हैं। श्रमिक संगठनों ने भी प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में इससे भी बड़े हादसे हो सकते हैं। फिलहाल आग बुझाने का अभियान जारी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# डीजल माफिया से मिले कनेक्शन, 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में डीजल चोरी के बड़े नेटवर्क की जांच के दौरान जो खुलासे सामने आए हैं, उसमें पुलिस कर्मियों की संलिप्तता सामने आने पर एसपी ने तत्काल एक्शन लेते हुए जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ दो प्रधान आरक्षक व दो आरक्षकों को सस्पेंड किया है। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से महकमें हड़कंप मचा हुआ है।

जिले में अपराध और अवैध कारोबारियों के खिलाफ पुलिस कप्तान सिद्धार्थ तिवारी द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। ताकि इस पर विराम लगाया जा सके। पिछले दिनों दीपका पुलिस ने डीजल चोर गिरोह के सदस्यों को पकड़कर एक बड़े गिरोह का खुलासा किया था। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को सूचना मिली थी कि कुछ पुलिस कर्मियों की डीजल चोरों से सांठगांठ है। सूत्र बताते हैं कि जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए बांकीमोंगरा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजेश कंवर, आरक्षक रोहित, कटघोरा थाना में पदस्थ गोपाल यादव एवं साइबर सेल से प्रशांत सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। हालांकि इस संबंध में पुलिस के किसी भी अधिकारी द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप



### दुकानों में डिब्बों में पेट्रोल-डीजल बिक्री करने पर प्रशासन सख्त

**शंकरगढ़।** दुकानों में डिब्बा में पेट्रोल-डीजल की बिक्री करने पर आज एसडीएम अनमोल टोप्पो के नेतृत्व में तहसीलदार दानिश परवेज एवं खाद्य निरीक्षक जयपाल सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पांच व्यक्तियों के पास डिब्बा में पेट्रोल एवं डीजल पाया गया। अधिकारियों ने संबंधित व्यक्तियों से आवश्यक जानकारी लेते हुए उन्हें नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। एसडीएम अनमोल टोप्पो ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी पूरी तरह अवैध है तथा ऐसे मामलों को प्रशासन गंभीरता से ले रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे भी क्षेत्र में लगातार जांच अभियान चलाया जाएगा और अवैध भंडारण या बिक्री करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से पेट्रोल एवं डीजल की खरीद केवल अधिकृत पेट्रोल पंपों से करें तथा कालाबाजारी या अवैध बिक्री की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रशासन को सूचना देने की बात कही।

### एसडीएम कार्यालय में निजी उर्वरक विक्रेताओं की बैठक

**शंकरगढ़।** खरीफ सीजन को देखते हुए अनुविभागीय कार्यालय में अनुभाग के समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों को समय पर एवं उचित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उर्वरक वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से डीएपी उर्वरक की उपलब्धता एवं उसकी वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों द्वारा निजी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में 20:20:0:13 एवं टीएसपी उर्वरक के उपयोग के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए, ताकि किसानों को उर्वरकों की कमी का सामना न करना पड़े तथा फसल उत्पादन प्रभावित न हो। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अनमोल विवेक टोप्पो ने की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी उर्वरक विक्रेता द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई के साथ-साथ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने सभी उर्वरक विक्रेताओं को शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए किसानों को पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार दानिश परवेज, विकासखंड उर्वरक निरीक्षक उमाकांत सिंह सहित शंकरगढ़ अनुभाग के समस्त निजी उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे।

### प्रेमी प्रेमिका ने एक साथ बबूल पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**डांड़गांव।** ग्राम सरगवां बेलपतरा पारा में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के लोगों ने आंगनबाड़ी के समीप बबूल पेड़ में युवक एवं युवती का शव फांसी में लटका देखा। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम पंचायत सरगांव में 3 मई को तड़के करीब 3 बजे युवक युवती प्रेमी जोड़ी ने दुप्टा के सहारे गांव के नंदी किनारे खेत में बबूल पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए। मृतक किशन दास (23 वर्ष) ग्राम पंचायत सरगवां वही मृतिका अंजलि दास (20 वर्ष) ग्राम पंचायत रघुनाथपुर थाना प्रेमनगर निवासी थी। दोनों का लम्बे समय से प्रेम संबंध था और दोनों एक ही जाति के थे जो आपस में शादी करना चाहते थे लेकिन दोनों के परिवार के लोग शादी के लिए राजी नहीं थे। मृतक युवक की प्रेमिका उसकी बहन की ननद थी। लगभग दो माह से मृतक अपने बहन के घर रघुनाथपुर में रहकर काम करता था। घटना के दिन की मृतक अपने बहन के घर से अपने घर सरगवा आया हुआ था लेकिन मृतिका भी रात में अचानक प्रेमनगर रघुनाथपुर से कब प्रेमी के पास पहुंची इसका भनक घर वालों को नहीं लगा। रात में घर से दूर नदी किनारे खेत के समीप बबूल के पेड़ में दोनों दुप्टा के के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। अभी तक घटना के संबंध में कोई सुसाइड नोट नही मिला है ।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एसईसीएल कुसमुंडा...

बढ़ने के कारण कोयले के स्टॉक में स्वतः दहन (स्पॉन्टेनियस कंबशन) की घटनाएं बढ़ रही हैं। कर्मचारियों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से खदान क्षेत्र में लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। लगभग हर दूसरे दिन किसी न किसी कोयला स्टॉक में धुआं या आग की स्थिति बन रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही एसईसीएल के दमकल वाहन और पानी के टैंकर मौके पर पहुंच गए। कर्मचारियों और अधिकारियों ने आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास शुरू किए, लेकिन कई घंटों की मशक्कत के बाद भी आग पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो सकी। मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारी और तकनीकी अमला मौजूद रहकर हालात पर नजर बनाए हुए हैं। आग को फैलने से रोकने के लिए आसपास के स्टॉक क्षेत्रों में भी एहतियाती कदम उठाए गए हैं।

---

राष्ट्रीय कालरी वर्कर्स फेडरेशन ने कार्यदशा संहिता की धारा 57 के उल्लंघन का लगाया आरोप

# ठेका श्रमिकों के शोषण को लेकर आरसीडब्ल्यूएफ ने मुख्य श्रम आयुक्त से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय कालरी वर्कर्स फेडरेशन (आरसीडब्ल्यूएफ) ने कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी एसईसीएल और उसके अधीन काम करने वाले दर्जनों निजी ठेकेदारों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फेडरेशन ने केंद्रीय मुख्य श्रम आयुक्त के समक्ष शिकायत दर्ज कर एसईसीएल की विभिन्न भूमिगत और खुली खदानों में चल रहे गंभीर श्रम उल्लंघनों और श्रमिकों के शोषण को उजागर किया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एसईसीएल प्रबंधन और निजी ठेकेदार केंद्र सरकार के व्यवसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता 2020 तथा मजदूरी संहिता 2019 की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

राष्ट्रीय कालरी वर्कर्स फेडरेशन ने केंद्रीय मुख्य श्रम आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है ओएसएचडब्ल्यू कोड 2020 की धारा 57 के तहत किसी भी प्रतिष्ठान के मुख्य कार्यों में ठेका श्रमिकों को रखना सख्त प्रतिबंधित है इसके बावजूद एसईसीएल द्वारा कोयला निष्कर्षण कोयला काटना लोडिंग छत को सहारा देना और भारी अर्थ-मूविंग मशीनरी चलाने जैसे अत्यधिक जोखिम भरे और मुख्य कार्यों में बड़े पैमाने पर ठेका श्रमिक लगाए जा रहे हैं। टेक्नो ब्लास्ट माइनिंग जॉय माइनिंग चेन्नई राधा इंजीनियरिंग वर्क्स सिनचैती नीलकंठ इन्फ्रा सहित कई कंपनियों को 6 से लेकर 30 वर्षों तक के दीर्घकालिक ठेके दिए गए हैं आरसीडब्ल्यूएफ का कहना है कि इतने लंबे समय के अनुबंध यह साबित करते हैं कि यह कार्य स्थायी प्रकृति का है जिसे छुपाने के लिए कानून के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। ओएसएचडब्ल्यू कोड की धारा 6 का उल्लंघन करते हुए हजारों श्रमिकों को कोई नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया है जिससे उनका रोजगार असुरक्षित है साथ ही धारा 8 और वेज कोड 2019 का उल्लंघन कर नियमित कर्मचारियों के मुकाबले इन ठेका श्रमिकों को बेहद कम मजदूरी दी जा रही है ।

**सभी श्रमिकों को सीधे नियमित करने की मांग**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड बनाम नेशनल यूनियन वॉटरफ्रंट वर्कर्स के ऐतिहासिक फैसले का हवाला देते हुए आरसीडब्ल्यूएफ के नेता भागवत प्रसाद दुबे ने स्पष्ट किया है कि जहां कानून का उल्लंघन करके मुख्य गतिविधियों में ठेका श्रमिक लगाए जाते हैं वहां वह अनुबंध कानूनी रूप से शून्य माना जाता है ऐसे में ये सभी श्रमिक स्वतः ही मुख्य नियोक्ता एसईसीएल के सीधे कर्मचारी माने जाते हैं हमारी मांग है कि इन सभी श्रमिकों को उनकी प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख से वेतन संरक्षण वरिष्ठता पीएफ ग्रेच्युटी और चिकित्सा लाभ के साथ एसईसीएल का नियमित कर्मचारी बनाया जाए।

# कोरबा प्रेस क्लब का द्विवार्षिक चुनाव 10 से 14 जून के बीच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रेस क्लब चुनाव, छेदीलाल अग्रवाल बनाए गए निर्वाचन अधिकारीकोरबा। कोरबा प्रेस क्लब के द्विवर्षीय चुनाव 2026- 2028 की तैयारी प्रारंभ हो गई है। 10 से 14 जून के बीच निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 4 जून को आयोजित हुई कोरबा प्रेस क्लब की विशेष सभा में सर्व सम्मति के साथ 10 से 14 जून के बीच निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी कराए जाने का प्रस्ताव पारित करते हुए निर्णय लिया गया। इसके पूर्व 31 मई को आयोजित हुई सामान्य सभा में भी इस आषय की सहमति बनी थी। गुरुवार को आयोजित विशेष सभा में इस आषय का प्रस्ताव पारित किया गया कि द्विवर्षीय चुनाव 2026- 2028 में सूचीबद्ध 166 सदस्य ही मतदान के लिए पात्र होंगे। वरिष्ठ सदस्य कमलेश यादव द्वारा छेदीलाल अग्रवाल के नेतृत्व में निर्वाचन कराए जाने का प्रस्ताव लाया गया। छेदीलाल अग्रवाल कोरबा प्रेस क्लब के वरिष्ठतम सदस्य हैं। विशेष सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव पर सहमति दी। इसके साथ ही छेदीलाल अग्रवाल को कोरबा प्रेस क्लब का चुनाव कराए जाने लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त कर दिया गया। श्री अग्रवाल द्वारा सहायक चुनाव अधिकारियों का चयन किया जाएगा। कोरबा प्रेस क्लब का चुनाव संरक्षक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के 3 सदस्य पद के लिए होता है।

**खास बात**

- छेदीलाल अग्रवाल बने मुख्य चुनाव अधिकारी

# एसईसीएल के निदेशक बिरंची दास ने माइन क्लोजर कार्यों का लिया जायजा



कार्यों का निरीक्षण करते निदेशक दास व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने कोरबा क्षेत्र अंतर्गत बांकी मेन माइंस (9 एवं 10), बांकी (9 एवं 10), बांकी (7 एवं 8, सुराकाछार (5 एवं 6) तथा एएचक्यू का दौरा कर माइन क्लोजर से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने माइन क्लोजर गतिविधियों की प्रगति, भूमि पुनर्वास, हरित विकास, सुरक्षा प्रबंधन एवं पर्यावरणीय पुनर्स्थापन कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से माइन क्लोजर योजना के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी ली तथा कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने पर बल दिया। श्री दास ने माइन क्लोजर को पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि खदानों के बंद होने के पश्चात भूमि पुनर्वास, हरित विकास तथा सुरक्षित एवं संतुलित पर्यावरण का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इन कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को माइन क्लोजर कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने तथा सुरक्षा एवं पर्यावरणीय मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# दार्जिलिंग में अश्वीका ने जूनियर वर्ग में हासिल किया प्रथम स्थान

**कोरबा।** नृत्यधाम कला समिति द्वारा आयोजित सूर्योस्थान महोत्सव 2026 का आयोजन दार्जिलिंग में संपन्न हुआ। सांस्कृतिक आयोजन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महोत्सव में कोरबा जिला की उभरती हुई प्रतिभाशाली अंतरराष्ट्रीय कत्थक नृत्यांगना अश्वीका साव ने अपनी मनमोहक व प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों और निर्णायकों का दिल जीत लिया। अपनी उत्कृष्ट नृत्य प्रतिभा के बल पर उन्होंने जूनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र व प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया।

अश्वीका साव वर्तमान में डीपीएस एनटीपीसी में कक्षा 8वीं की छात्रा हैं। कम आयु में ही उन्होंने कत्थक नृत्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। उनकी प्रस्तुति में लखनऊ घराने की कत्थक शैली की सुंदरता, भावाभिव्यक्ति, लयबद्धता व तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला, जिसकी निर्णायकों ने विशेष सराहना की। अश्वीका की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता, गुरुजनों, विद्यालय परिवार तथा क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उनकी सफलता युवा कलाकारों के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा यह सिद्ध करती है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सूर्योस्थान महोत्सव में प्राप्त यह सम्मान और प्रथम स्थान अश्वीका साव की कला साधना का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो भविष्य में उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा।

# दीपका वार्ड 15 उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड क्रमांक 15 में संपन्न उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय दर्ज करते हुए एक बार फिर जनता का विश्वास हासिल किया है। भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी ऋषि सिदार ने भारी जनसमर्थन प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को बड़े मतों के अंतर से पराजित करते हुए पार्षद पद पर शानदार जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही पूरे वार्ड में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल बन गया। कार्यकर्ताओं ने फटाखे फोड़कर, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा भारत माता और भाजपा के जयघोष के साथ विजय का जश्न मनाया।

गौरतलब है कि भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में संगठन लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों में भी भाजपा ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की थी। वार्ड क्रमांक 15 के उपचुनाव में मिली यह प्रचंड जीत संगठन की बढ़ती मजबूती और जनता के बढ़ते विश्वास का प्रमाण मानी जा रही है। भाजपा नेताओं ने वार्ड की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए विकास एवं जनसेवा के कार्यों को और अधिक गति प्रदान करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि वार्ड क्रमांक 15 के उपचुनाव में मिली यह ऐतिहासिक जीत संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने बताया कि चुनाव अभियान के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर व्यापक जनसंपर्क किया तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई। भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों पर जनता ने विश्वास जताया, जिसका सकारात्मक परिणाम चुनाव में स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

**खास बात**

- ऋषि सिदार बने पार्षद, कार्यकर्ताओं में जश्न की लहर

# सुबह से ही छाए रहे बादल, गर्मी से हल्की मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

ऊर्जाधानी में बारिश का इंतजार लगातार लंबा होता जा रहा है। तीन दिन पहले जरूर अच्छी बारिश हुई थी। शहर में दिनभर बादलों की आंख-मिचौली और ठंडी हवाओं का दौर तो चल रहा है, लेकिन बारिश नहीं होने से उमस लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। हर दिन आसमान में छाए बादलों को देखकर बारिश की उम्मीद बंधती है, लेकिन शाम होते-होते उम्मीदें फिर अधूरी रह जाती है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले 5 दिनों तक अलग-अलग जगहों पर गरज-चमक, तेज हवाओं और हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कई स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई। भैंसमा, कांसाबेल, कटघोरा, सूरजपुर सहित अन्य क्षेत्रों में 1 सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। हालांकि कोरबा शहर अब भी अच्छी बारिश की प्रतीक्षा कर रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, दोपहर की गर्मी बनी रहेगी, लेकिन शाम के समय मौसम बदल सकता है। कई जिलों में तेज हवा चल सकती है।अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से कम रहा। हल्के बादलों के कारण धूप का असर कुछ कम जरूर हुआ, लेकिन नमी और उमस के चलते लोगों को राहत नहीं मिल सकी। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। मानसून दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल, तमिलनाडु तथा बंगाल की खाड़ी के बड़े हिस्से तक पहुंच चुका है और अगले 24 घंटों में इसके और आगे बढ़ने की संभावना है।

# लचर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था से लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली वितरण कंपनी शहरी क्षेत्र में पाड़ीमार जोन के भदरापारा समेत आसपास इलाके में 5 दिनों से बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता हलाकान हो रहे हैं। इससे नाराज क्षेत्र के प्रभावित उपभोक्ताओं ने सोमवार रात 10.30 बजे सब स्टेशन पहुंचकर बार-बार पावरकट की समस्या पर नाराजगी जताई। सब स्टेशन तक बिजली सप्लाई होते देख इलाके में आपूर्ति को हर एक-दो घंटे में बार-बार प्रभावित करने का कारण पूछा।

सब स्टेशन पहुंचे उपभोक्ताओं के अनुसार पाड़ीमार जोन के बालको सब स्टेशन से भदरापारा बस्ती, दैहानपारा, डुग्गूपारा, उपका मोहल्ला, साडा कॉलोनी बालको, हाऊसिंग बोर्ड, शांति नगर, इंदिरा मार्केट के आसपास का क्षेत्र, गणेश नगर, रिसदा बस्ती, लालघाट की बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था 5 दिनों से बनी हुई है। हर एक-दो घंटे में 4 से 5 घंटे के लिए बिजली की अघोषित कटौती 5 दिनों से जारी है। इस तरह की क्षेत्र में स्थिति बिजली संकट में निर्मित होती है। रोटेशन के आधार पर बिजली आपूर्ति बंद किया जा रहा था। रात करीब 10.30 बजे सब स्टेशन पहुंचने पर सप्लाई की जा रही थी, तब इलाके में आपूर्ति नहीं होने की वजह पूछने पर मौजूद कर्मचारियों ने संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया।

### सुनालिया चौक पर रोज लग रहा जाम, लोग परेशान

**कोरबा।** शहर के व्यस्तम इलाकों में शामिल सुनालिया सर्कल की सड़क हर दिन शाम होते ही जाम की गिरफ्त में आ जाती है। हालात ऐसे बन जाते हैं कि चंद मिनट की दूरी तय करने में लोगों को लंबा इन्तजार करना पड़ता है। कई बार जाम में फंसने के बाद वाहनों का पीछे लौटना भी मुश्किल हो जाता है। यह स्थिति किसी आकस्मिक कारण से नहीं, बल्कि रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। बावजूद इसके यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए न तो कोई ठोस योजना नजर आती है और न ही प्रभावी अमल। सड़क पर अतिक्रमण कर लगे ठेले और बेतरतीब खड़े वाहन जाम को और विकराल बना रहे हैं, लेकिन इन पर नियंत्रण के नाम पर महज औपचारिकताएं ही की जा रही हैं। शारदा विहार तिराहा से लेकर सुनालिया चौराहा तक ट्रैफिक का दबाव अत्यधिक रहता है।

# यात्री बस की चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में चौकी सीएसईबी रामपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। 3 जून को प्रार्थी द्वारा सूचना दी गई कि उसकी यात्री बस क्रमांक सीजी -10-जी-1601, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 22 लाख रुपये है, नया बस स्टैंड कोरबा से चोरी कर ली गई है कि सूचना पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। कंडक्टर की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आरोपी दबोचा गया विवेचना के दौरान बस के कंडक्टर द्वारा चोरी गई बस एवं आरोपी की पहचान कर उसे कोहड़िया के पास पकड़कर चौकी सीएसईबी रामपुर लाया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी मनजीत सिंह टोप्पो (31 वर्ष), निवासी बंधियापारा सिल्ली, थाना पाली, जिला कोरबा ने बस चोरी करना स्वीकार किया।आरोपी के कब्जे से चोरी गई बस को सुरक्षित बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही किया गया। जनसहयोग और पुलिस की सजगता से अपराधियों पर लगातार शिकंजा कोरबा पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें। जनता के सहयोग एवं पुलिस की सतर्कता से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# लग्जरी बस से की जा रही थी गांजा तस्करी, चार करोड़ कीमत का 8 क्विंटल गांजा हुआ बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर





सूरजपुर पुलिस ने झाड़ बिक्री की आड़ में लग्जरी बस से की जा रही गांजा तस्करी का बड़ा खुलासा करते हुए करीब 8 क्विंटल गांजा जब्त किया है। अंतरराज्यीय तस्करी से जुड़े इस मामले में पुलिस ने बस चालक समेत कई लोगों को हिरासत में लिया है। जब्त गांजे की कीमत करीब चार करोड़ रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह अंबिकापुर-सिलफिली क्षेत्र के कुछ स्थानीय युवकों ने नीलम कंपनी की लग्जरी बस क्रमांक सीजी 15 ईएच 4301 को राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर महावीरपुर कालीघाट के पास गुजरते देखा। बस में बड़ी मात्रा में झाड़ के गट्ठर लदे थे तथा उसमें महिला-पुरुष सवार थे। परिस्थितियां संदिग्ध लगने पर युवकों ने डायल-112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बस का पीछा करने निकली। इस दौरान सूचना देने वाले युवक भी अपने वाहनों से बस के पीछे लगे रहे। बताया जाता है कि सुबह करीब 7 बजे बस सवार लोगों को पीछा किए जाने की भनक लगी तो उन्होंने बस रुकवाकर भागने का प्रयास किया। अफरा-तफरी के बीच पुलिस ने बस को अपने कब्जे में लेकर सीधे दसवीं बटालियन परिसर पहुंचाया, जहां विस्तृत जांच की

## कोरबा मार्केट






# विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



























## खबर संक्षेप

### नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 8 को

**कोरबा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में अप्रेंटिसशिप योजनांतर्गत 8 जून को प्राइम मिनिस्टर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि जिला अंतर्गत सभी उद्योगों, प्रतिष्ठानों एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन किया जाना है। अप्रेंटिसशिप मेला में आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में 8 जून को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी के अप्रेंटिसशिप योजना में नियोजन की कार्यवाही करेंगे।

### आईटीआई करतला एवं पोंड़ीउपरोड़ा में प्रवेश हेतु आवेदन 15 तक

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था करतला एवं पोंड़ीउपरोड़ा में प्रवेश सत्र 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 15 जून है। इच्छुक अभ्यर्थी संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट में जाकर विवरणिका का भली-भांती अवलोकन कर पात्रतानुसार आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित संस्था से संपर्क किया जा सकता है।

### जनसेवा का जुनून, पार्षद बने प्यासे लोगों की उम्मीद



**कोरबा।** भीषण गर्मी और पेयजल संकट के दौर में जहां अधिकांश लोग दोपहर की चिलचिलाती धूप से बचने के लिए घरों ओर बंद कमरों का सहारा ले रहे वही निगम के वार्ड क्रमांक 40 के 28 वर्षीय युवा भाजपा समर्थित पार्षद रजत प्रसाद खूंटे जनसेवा का अलग ही उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। वार्ड में उत्पन्न पेयजल संकट को देखते हुए युवा पार्षद स्वयं क्षेत्र में सक्रिय रहकर टैंकरों के माध्यम से जरूरतमंद मोहल्ले तक पानी पहुंचने की व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच में लगातार वार्ड का भ्रमण कर नागरिकों की समस्याएं सुन रहे हैं तथा तत्काल समाधान का प्रयास कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों का मानना है कि जनप्रतिनिधि यदि सेवा को राजनीति का माध्यम नहीं बल्कि अपना लक्ष्य और दायित्व मान ले तो जनता और राजनीति के बीच विश्वास का नया अध्याय लिखा जा सकता है। वार्ड 40 में दिखाई दे रही यह सक्रियता इसी सोच को मजबूती प्रदान कर रही है एवं विकास की कार्यों को पंख लगा रही है। भीषणगर्मी के इस कठिन दौर में युवा पार्षद की कार्यशैली यह संदेश दे रही है कि जन प्रतिनिधित्व केवल पद नहीं बल्कि जनता के सुख-दुख में सहभागी रहने की जिम्मेदारी है। यदि राजनीति में सेवा का यह जुनून व्यापक रूप से विकसित हो जाए तो विकास की गति को नए पंख मिल सकते हैं और जनता का भरोसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बन सकता है।

### सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह का आयोजन

**कोरबा।** न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से घर-घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभाविता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल से आरम्भ किया गया है जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी। जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामले शामिल किया जायेगा। विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुका विधिक सेवा समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जा रहा है इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरू किया गया है।

# स्थानीय संस्कृतियों पर कारपोरेट के दबाव से समाज के संबंध बिगड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

### साहित्य, कला और समाज पर जलेस की संगोष्ठी




जनवादी लेखक संघ (जलेस), छत्तीसगढ़ द्वारा 'साहित्य, कला और समाज' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन कुसमुंडा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जलेस के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर पांडेय ने की। इस अवसर पर जलेस के महासचिव पीसी रथ रायपुर, उपाध्यक्ष द्वय डॉ. सुखनंदन सिंह धुर्वे रायपुर, भास्कर चौधरी एवं स्थानीय वरिष्ठ कवि-कथाकार विशेश्वर मिश्र तथा कवि सूरजप्रकाश राठौर विशेष रूप से उपस्थित थे।

अध्यक्षीय संबोधन में कामेश्वर पांडेय ने कहा कि साहित्य और कला का समाज से प्रत्यक्ष जुड़ाव अनिवार्य है। समाज से कटकर केवल पठन-पाठन अथवा श्रवण के आधार पर सार्थक साहित्य का सृजन संभव नहीं है। इसके लिए समाज के विभिन्न वर्गों और संगठनों के बीच जाकर उनकी समस्याओं, संघर्षों और चुनौतियों को समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों के अवमूल्यन के इस दौर में लेखक और कलाकारों की भूमिका केवल रचना-कर्म तक सीमित नहीं रह सकती। उन्हें समाज को विभाजित करने वाले विचारों और आख्यानों की पहचान कर जनसमुदाय को उनके प्रति सजग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वसत्तावादी प्रवृत्तियां न केवल नागरिक अधिकारों को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के अवसरों को भी सीमित कर रही हैं। नीट, सीयूईटी, सीबीएसई सहित विभिन्न प्रवेश एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन में सामने आई। इन अनियमितताओं ने देश भर के युवाओं के विश्वास को आघात पहुँचाया है। आंदोलनों और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील संवाद के स्थान पर दमनात्मक प्रवृत्तियों का बढ़ना चिंताजनक है। ऐसे समय में लेखक और कलाकार समाज को रचनात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।कार्यक्रम का संचालन करते हुए पीसी रथ ने लोकतांत्रिक संस्थाओं के क्षरण, जल-जंगल-जमीन तथा स्थानीय संस्कृतियों पर बढ़ते कॉरपोरेट दबाव के मुद्दों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के बिना किसी भी देश का समग्र विकास संभव नहीं है। डॉ. नंदन ने सामाजिक विघटन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके कारणों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

### 65 दुकानों में मशीनों के खराब होने के सामने आए मामले

# पीडीएस दुकानों की थंब मशीन खराब होने से हितग्राहियों को राशन लेने करना पड़ता है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पीडीएस दुकानों में सबसे बड़ी समस्या इस समय थंब मशीन के काम नहीं करने और वेट मशीन के खराब होने के बड़े मामले सामने आ रहे हैं। वेट मशीन सुधारने के लिए दुकान संचालक प्रतिदिन विभाग में पहुंच रहे हैं। वहीं थंब मशीन के लिए उन्हें कंपनी के तकनीकी कर्मचारियों का इंतजार करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- इलेक्ट्रानिक वेट मशीन सुधारने लोग पहुंच रहे कलेक्ट्रेट

जिले के ग्रामीण अंचल में चल रही है पीडीएस दुकानों के थंब मशीन को लेकर सबसे ज्यादा शिकायतें हितग्राहियों के अंगूठे का निशान नहीं उभरने के कारण खाद्यान्न से उन्हें वंचित होना पड़ रहा है। बताया जाता है कि थंब मशीन की तकनीकी खराबी के कारण विभाग ने भी इस संबंध में कंपनी के तकनीकी कर्मचारी को भेजने के लिए पत्र प्रेषित किया है। 65 दुकानों में थंब मशीनों को लेकर लिखित शिकायतें पहुंची हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रानिक वेटिंग मशीन में भी सवाल खड़े होने के कारण तकनीकी सुधार के लिए पीडीएस दुकान संचालक कलेक्ट्रेट का खाद्य विभाग लाना पड़ रहा है। तब कहीं जाकर सुधारी जा रही है। इस मामले में हितग्राहियों ने खाद्य विभाग से शिकायत की थी उन्हें खाद्यान्न निर्धारित मात्रा में कम मिल रहा है।



फाइल फोटो

**जूझ रहे हैं सर्वर डाउन की समस्या से**

सबसे बड़ी समस्या ग्रामीण अंचल के पीडीएस दुकान संचालकों को सर्वर डाउन होने की रहती है। यही कारण है कि कभी कभार दुकान खुली तो रहती है लेकिन सर्वर डाउन रहने की वजह से वितरण कार्य भी प्रभावित रहता है। इसके पीछे भी विभाग का कहना है कि सर्वर का डाउन रहना तकनीकी समस्या है। यह समस्या अक्सर उन क्षेत्रों में आ रही है जहां नेटवर्किंग की दिक्कत हमेशा बनी रहती है।

**ग्रामीण दुकान संचालक पहुंच रहे जिला मुख्यालय**

सबसे बड़ी समस्या ग्रामीण अंचलों के पीडीएस दुकान संचालकों के सामने आ रही है। जिन्हें इलेक्ट्रिानिक मशीन सुधार के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ता है। उस मशीन को लेकर यह बात सामने आई है कि जितने की मशीन नहीं है उससे ज्यादा किराया लग जा रहा है। इसके साथ ही दुकान संचालकों को मशीन सुधारने के लिए इंतजार भी करना पड़ रहा है।

**सुधार कार्य किया जा रहा है**

इलेक्ट्रानिक वेटिंग मशीन के बिगड़ने एवं थंब मशीन के काम नहीं करने के मामले सामने आने के बाद दोनों मशीनों के सुधार कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीण अंचल में सर्वर डाउन रहने की समस्या बनी हुई है।

-घनश्याम कंवर, जिला खाद्य अधिकारी

# हरदीबाजार कालेज चौक से बोईदा 20 किमी सड़क का होगा जीर्णोद्धार



सर्वे करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम हरदीबाजार के पुराना कालेज चौक से नेवसा, रेलडबरी उतरदा, लोटनापारा, सिल्ली होकर बोईदा चौक तक जिसकी कुल लंबाई 20 किमी है का जीर्णोद्धार, सड़क निर्माण का कार्य का पीडब्ल्यूडी विभाग ने सर्वे कार्य आरंभ कर दिया है। इस सड़क में आवागमन का भारी दबाव के साथ-साथ सड़क की कम चौड़ाई और जगह-जगह सड़कों पर हुए गड्ढे, इन सब समस्याओं से रोजाना लोगों को सुरक्षित आवागमन करना मुश्किल हो गया है। इस मार्ग से होकर यात्री बसें सीपत बिलासपुर के लिए हर एक-एक घंटे मे चलती है। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल से इस संबंध जानकारी ली गई तो उन्होंने बजट में सड़क उन्नयन जुड़ा होना बताया है, उन्होंने कहा कि छग की विष्णु देव साय की भाजपा सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में सड़क,पुल पुलिया निर्माण कार्य शुरू है,कुछ स्थानों पर कार्य अंतिम चरण में है तो कुछ काम शुरू होने वाले हैं। वहीं सड़क किनारे बस्ती पड़ने पर सड़क के दोनों ओर कांक्रीट किया जाएगा, साथ ही वाहनों के आवागमन को सुरक्षित और सुगम बनाने की दिशा में सड़क उन्नयन किया जाएगा। निश्चित ही क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ उतरदा में महाविद्यालय भवन बनने के बाद उसमें अध्यनरत छात्रों व कर्मचारियों को भी आने जाने में सुविधा होगी।

# प्रबंधन की वादाखिलाफी के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का फूटा गुस्सा



प्रदर्शनकारी बिजली कर्मचारी।

**खास बातें**

- पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर 1 जून से चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद
- 17 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के प्रबंधन द्वारा लगातार की जा रही वादाखिलाफी और द्विपक्षीय वार्ताओं में बनी सहमतियों को लागू न करने के विरोध में प्रदेश के बिजली कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित अन्य 7 सूत्रीय ज्वलंत मांगों को लेकर स्थगित आंदोलन को पुनः प्रारंभ करने का ऐलान कर दिया गया है। महासंघ द्वारा इस संबंध में 4 जून को कंपनी प्रबंधन (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक) को आंदोलन का विधिवत नोटिस सौंप दिया गया है।

महासंघ के महामंत्री नवरतन बरेठ ने बताया कि राज्य सरकार की तर्ज पर बिजली कंपनी में भी 1 अप्रैल 2004 के पश्चात नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने हेतु शासन ने 6 अक्टूबर 2023 को ही सैद्धांतिक सहमति दे दी थी। प्रबंधन के साथ पिछले वर्ष 17 अक्टूबर 2025 को हुई उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता में भी इसे शीघ्र लागू करने का ठोस आश्वासन दिया गया था, जिसके आधार पर संघ ने पूर्व में प्रस्तावित आंदोलन स्थगित किया था। परंतु अत्यंत खेद का विषय है कि प्रबंधन आज पर्यंत तक इस गंभीर विषय पर केवल टालमटोल की नीति अपना रहा है, जिससे प्रदेश के हजारों बिजली कर्मियों में भयंकर रोष व्याप्त है। प्रमुख मांगों में 1 अप्रैल 2004 के बाद नियुक्त कर्मियों के लिए ओ.पी.एस. लागू की जाए। वर्ष 2017 से लंबित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों का रिस्ट्रक्चरिंग कर रिक्त पड़े 75 प्रतिशत पदों पर तत्काल नियमित भर्ती की जाए, सीधी भर्ती एवं भू-विस्थापित के तहत कार्यरत सभी संविदा लाइन कर्मचारियों को पूर्व की भांति नियमित किया जाए, मैदानी तकनीकी कर्मचारियों को 3 प्रतिशत तकनीकी भत्ता और कार्यालयीन कर्मचारियों को 3 प्रतिशत कंप्यूटर प्रोत्साहन भत्ता प्रदान किया जाए, 1 जनवरी 2026 से देय वेतन पुनरीक्षण हेतु कमेटी का गठन हो तथा लागू होने तक 20 प्रतिशत अंतरिम राहत मिले, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की वरिष्ठता सूची जारी कर लंबित पदोन्नति आदेश (विशेषकर वर्ष 2013 से लंबित तकनीशियन वितरण एवं परीक्षण सहायक-1/2) तत्काल जारी किए जाएं, बाह्यस्त्रोत/ठेका कर्मियों का भुगतान सीधे कंपनी द्वारा हो, 62 वर्ष की जॉब सिक्योरिटी मिले और नई भर्ती में प्राथमिकता दिए जाने की मांग शामिल है।

# कुत्तों के हमले से चीतल की मौत, पुरैना में हुई घटना



चीतल का परीक्षण करते पशु चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मड़वारानी के जंगल में बड़ी संख्या में चीतल हैं। गर्मी के कारण पानी की तलाश में वे रिहायशी इलाके में आ जाते हैं। गुरुवार को भी एक चीतल गांव की ओर आ गया था। जिस पर कुत्तों की नजर पड़ गई। कुत्तों ने चीतल पर हमला कर उसे घायल कर दिया। आसपास के ग्रामीणों की मदद से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाती इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों को जब इसकी सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर उसका अंतिम संस्कार कर दिये।

कोरबा वन मंडल के करतला वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पुरैना में गुरुवार की सुबह लगभग 6.00 बजे तीन-चार आवारा कुत्तों के दल ने एक चीतल पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। विभाग द्वारा तुरंत उपचार हेतु सहायक पशु चिकित्सालय बरपाली ले जाया गया, ईलाज के दौरान चीतल की मृत्यु हो गई। सहायक पशु चिकित्सक अधिकारी बरपाली द्वारा विधिवत पोस्ट मार्टम किया गया। चीतल की मृत्यु के पश्चात वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में वन्यजीव के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उसे अश्रुपूर्ण एवं ससम्मान अंतिम विदाई दी गई। नियमानुसार उसका अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया।

**मौतों में आई भारी कमी**

वन विभाग के रिकार्ड के अनुसार, इस वर्ष करतला परिक्षेत्र के अंतर्गत वन्यजीव दुर्घटना की यह पहली दुखद घटना है। उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा क्षेत्र में कराए गए वन्यप्राणियों के पानी पीने के लिये सॉसर पिट के निर्माण के बाद से वन्यजीवों की सुरक्षा में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। इससे पहले तक क्षेत्र में हर साल लगभग 5 से 6 चीतलों की आवारा कुत्तों के काटने से असमय मौत हो जाती थी, लेकिन इस निर्माण कार्य के बाद से अब तक एक भी मौत दर्ज नहीं की गई थी। वन विभाग ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति सजग रहें और ऐसी किसी भी घटना की सूचना तुरंत विभाग को दें।

### हितग्राहियों की सुविधा के लिए शुरू की गई पहल

# महापौर ने जोन में आयोजित शिविर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजूपत ने जोन कार्यालय में आयोजित पीएम स्वनिधि महोत्सव शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में पहुंचे हितग्राहियों से भेंटकर उनके ऋण प्रकरणों व जमा किये गये आवेदनों पर चर्चा की। उन्होने अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित करते हुये कहा कि पूर्व में लंबित सभी आवेदनों का निराकरण कराते हुये सभी पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करें तथा आज के शिविर में हितग्राहियों द्वारा जमा किये जा रहे आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये उन्हें योजना का लाभ दिलवायें।

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय नवा रायपुर अटलनगर से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न तिथियों में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसके तहत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजनांतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं एवं असंगठित श्रमिकों को वित्तीय समावेशन डिजिटल सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा लाभों से जोड़ने तथा पथ विक्रेताओं के लिये सूक्ष्म ऋण पहुंच, सामाजिक कल्याण सुनिश्चित करने आदि से जुडे.विविध कार्य किये जा रहे हैं, इसी कड़ी में निगम के कोरबा जोन कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजूपत ने पीएम स्वनिधि महोत्सव शिविर का निरीक्षण किया, शिविर में पहुंचे हितग्राहियों से भेंट मुलाकात की, उनके ऋण प्रकरणों व जमा कराये गये आवेदनों पर चर्चा की। महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित करते हुये कहा कि पूर्व में लंबित सभी आवेदनों का निराकरण कराते हुये सभी पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करें तथा शिविर में हितग्राहियों द्वारा जमा किये जा रहे आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये उन्हें योजना का लाभ दिलवायें। शिविर के दौरान सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद युगल कैवर्त, ईश्वर पटेल, रूबीदेवी सागर, आरती सिंह, नोडल अधिकारी पवन वर्मा, सहायक नोडल अधिकारी तपन तिवारी, लीड बैंक मैनेजर कृष्ण भगत, एफ.एल.सी. बी.चन्द्रशेखर, दीपक यादव, मनोज राजपूत, अरविंद कुर्रे, अजय अग्रवाल, विनोद गोंड़ आदि सहित विभिन्न बैंकर्स के प्रतिनिधि, सामुदायिक संगठक व काफी संख्या में हितग्राहीगण उपस्थित थे।



शिविर में जानकारी लेती महापौर व अन्य।

* **कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव अब गांव-गांव में दिखाई दे रहा है। किसानों को कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से कृषकों में विश्वास और संतोष का वातावरण बना है। कोरबा जिले में सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को खाद एवं बीज की सरल, सहज और सुगम उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780